# हिन्दी में क्षमा शर्मा और अंग्रेजी के लिए अर्शिया सत्तार को बाल साहित्य पुरस्कार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : साहित्य अकादमी ने बुधवार को बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा की। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार ने बताया कि इस वर्ष हिंदी में इस पुरस्कार के लिए वरिष्ठ पत्रकार और लेखिका क्षमा शर्मा का चयन किया गया है। क्षमा शर्मा के कहानी संग्रह 'चुनिंदा बाल कहानियां' को बाल साहित्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं अंग्रेजी में अर्शिया सत्तार को 'महाभारत फॉर चिल्ड्रन' के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संस्कृत में कुलदीप शर्मा को उनके कविता संग्रह सचित्रम्प्रहेलिकाशतकम् (अभिनवसंस्कृतप्रहेलिकाः) राजस्थानी में विश्वामित्र दाधीच को उनके कविता संग्रह 'माछलेयां रा आंसू" के लिए और बांग्ला में जय मित्र को कहानी संग्रह 'चार पांच जोन बोंधु" के लिए बाल साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ने बताया कि पंजाबी भाषा में इस वर्ष पुरस्कार नहीं दिया जा रहा है। संताली भाषा में पुरस्कार की घोषणा बाद में की जाएगी। 22 लेखकों को साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया जाएगा। चयनित लेखकों को 50,000 रुपये नकद और एक उत्कीर्ण ताम्रफलक पुरस्कार/स्वरूप प्रदान किया जाएगा।